दैनिक
प्रातः कालीन
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 296 मुरादाबाद, 23 February 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## योगी सरकार ने पेश किया भारी-भरकम बजट

योगी सरकार 2.0 ने बुधवार को अपनी सरकार का दूसरा बजट पेश किया। बजट का आकार छह लाख 90 हजार दो सौ 42 करोड़ 43 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बजट का आकार हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन का प्रमाण है। बीते वर्ष जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया फिर भी राजस्व की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा जनता को महंगाई से राहत देने के लिए पेट्रोल-डीजल पर वैट कम किया है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा निवेश किया गया है। यही कारण है कि आने वाले समय में 21 एयरपोर्ट वाला यूपी देश का पहला राज्य होगा।प्रदेश के छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए 3600 करोड़ रुपये देने का एलान किया गया है। - वाराणसी-गोरखपुर में मेट्रो के लिए 100 करोड़ रुपये का एलान। - झांसी-चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 235 करोड़ रुपये का एलान। - स्वास्थ्य व्यवस्था पर 12,650 करोड़ रुपये खर्च का एलान। - प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये देने का एलान। - प्रदेश के सभी जिलों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने के उद्देश्य के तहत 14 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने हेतु 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 585 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है। - आगरा मेट्रो रेल परियोजना हेतु 465 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है। - दिल्ली-गाजियाबाद मेरठ कॉरिडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में 1306 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। - वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के कियान्वयन हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। - मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण / नये शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। - गोरखपुर नगर स्थित गोडधोड्या नाला एवं रामगढ़ ताल के जीर्णोद्धार तथा इंटरसेप्शन, डाइवर्जन एवं ट्रीटमेंट सम्बन्धी परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए 650 करोड़ 10 लाख



रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।उत्तर प्रदेश के कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु व दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना 14 सितम्बर, 2019 से लागू है। इस योजना के अन्तर्गत कृषक की परिभाषा का विस्तार किया गया है। योजना के अन्तर्गत दुर्घटनावश मृत्यु व दिव्यांगता की दशा में अधिकतम 5 लाख रुपये दिये जाने का प्रावधान है। योजना हेतु 750 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गई है। - निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु प्रत्येक राजस्व मण्डल में 1000 बालक व बालिकाओं के लिये कक्षा 06 से कक्षा-12 तक अध्ययन हेतु अटल आवासीय विद्यालय निर्माणाधीन हैं ।इन विद्यालयों का संचालन आगामी सत्र 2023 2024 से प्रारम्भ किया जाना है। अवशेष निर्माण कार्य हेतु 63 करोड़ रुपये तथा उपकरण आदि के क्रय हेतु लगभग 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। - मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत पंजीकृत महिला श्रमिक के संस्थागत प्रसव की दशा में निर्धारित तीन माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि एवं रुपये 1000 को चिकित्सा बोनस तथा पंजीकृत पुरूष कामगारों की पत्नियों को रुपये 6000 एकमुश्त में दिये जाने का प्रावधान है । - अधिकतम दो नवजात शिशुओं के पोष्टिक आहार हेतु लड़का पैदा होने पर एकमुश्त रुपये 20,000 तथा लड़की पैदा होने की स्थिति में रुपये 25,000 बतौर सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा, भुगतान किया जायेगा। - जन्म से दिव्यांग बालिकाओं को रुपये 50,000 बतौर सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा, भुगतान किये जाने का प्रावधान है।शक्ति पीठ माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर के समेकित पर्यटन विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज के समेकित विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बौद्ध परिपथ के समेकित पर्यटन विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रूपये, बुन्देलखण्ड का समेकित पर्यटन विकास हेतु 40 करोड़ रुपये, शुकतीर्थ धाम का समेकित पर्यटन विकास हेतु 10 करोड़ रुपये, प्रदेश में युवा पर्यटन को बढ़ावा देना हेतु 2 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म, लखनऊ बोर्ड की स्थापना हेतु 2.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये 30 करोड़ रुपये व प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना हेतु 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। खेल विकास कोष की स्थापना हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मेरठ में मेजर ध्यान चन्द्र खेल विश्वविद्यालय की स्थापना किये जाने के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।प्रदेश में ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना होगी जिस पर 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। -मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नए शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव है। - प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2023-2024 में 12,39,877 आवासों का लक्ष्य प्रस्तावित है। योजना हेतु 9000 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था दी गई है। - आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा 16 घरेलू एयरपोर्ट समेत कुल 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे। - महाकुंभ मेला, 2025 की तैयारी के लिए 2,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। - आकांक्षी नागर योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। - मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1203 करोड़ रुपए प्रस्तावित। - केंद्र सरकार की मदद से पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) नामक नई योजना के लिए 510 करोड़ रुपए का बजट। - ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना के लिए 300 करोड़ रुपए। - खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़ रुपए की व्यवस्था। - मेरठ में मेजर ध्यानचंद्र खेल विश्विद्यालय की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपए। -14 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं संचालन के लिए 2491 करोड़ 39 लाख का बजटबजट एक नजर में बजट का आकार: 6,90,242.43 करोड़ रुपए नई योजनाओं पर खर्च: 32,721.96 करोड़ रुपए कुल प्राप्तियां - 6,83,292.74 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्तियां - 5,70,865.66 करोड़ रुपए पूंजीगत प्राप्तियां - 1,12,427.08 करोड़ रुपए कर राजस्व: 4,45,871.59 करोड़ रुपए राज्य कर राजस्व: 2,62,634 करोड़ रुपए केंद्रीय करों में राज्य का अंश: 1,83,237.59 करोड़ रुपए कुल व्यय (अनुमानित) - 6,90,242.43 करोड़ रुपए राजस्व बचत: 68,511.65 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा: 84,883.16 करोड़ रुपए लाख रोकें ये अंधेरे मेरा रास्ता लेकिन...मैं जिधर जाऊंगा रोशनी ले जाऊंगा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण के दौरान कविताओं और शायरी के जरिये नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर तंज भी कसे। वहीं बजट की तस्वीर भी पेश करने का प्रयास किया। अपने चिरपरिचित अंदाज में खन्ना ने सामने बैठे नेता प्रतिपक्ष को देखते हुए शायरी और कविताएं पढ़ी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी खुद को हंसी का ठहाका लगाने से नहीं रोक सके। योगी ने हर शायरी और कविता के बाद मेज थपथपाते हुए ठहाका लगाया। खन्ना ने होली से पहले पेश हो रहे बजट को प्रदेश की जनता के लिए सौगात बताते हुए कहा, योगी जी का बजट बना है यूपी की खुशहाली को, यह अद्भुत रंगीन करेगा आने वाली होली को। प्रदेश सरकार का सबसे मजबूत हथियार बनी प्रदेश की सुधरी कानून व्यवस्था और औद्योगिक विकास पर आधारित कविता से विपक्ष पर तंज कसा। सुधर गई है कानून व्यवस्था। उद्योगों की अलख जगी। यूपी बना ग्रोथ का इंजन। यह सब पहली दफा समझ। फकत किनारे बैठे बैठे। लहरों से मत सवाल कर। डूब के खुद गहरे पानी में। पानी का फलसफा समझ। खन्ना ने श्रम विभाग और खेती किसानों से जुड़ी घोषणाएं पेश करने से पहले कविता पेश करते हुए कहा... श्रम के जल से राह सदा सिंचती है। गति मशाल आंधी में ही हंसती है। छालों से ही श्रृंगार पथिक का होता है। वो विपरीत परिस्थितियों में चलने का आदी है। मंजिल की मांग लहू से ही सजती है। व्यवस्था और चिकित्सा शिक्षा का बजट प्रस्तुत करते हुए

## शिवसेना विवाद में शरद पवार की एंट्री, बोले- पहले कभी नहीं देखा चुनाव आयोग का ऐसा फैसला

नई दिल्ली- महाराष्ट्र में उद्धव और शिंदे गुट के बीच जारी विवाद में एनसीपी प्रमुख शरद पवार की भी एंट्री हो गई है। सुप्रीम कोर्ट से उद्धव ठाकरे गुट को झटका लगा है, जिसे लेकर शरद पवार ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अपने एक बयान में उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले एक फैसला दिया था। यह एक उदाहरण है कि कैसे एक संस्था का दुरुपयोग किया जा सकता है। हमने चुनाव आयोग द्वारा ऐसा फैसला पहले कभी नहीं देखा। बालासाहेब ठाकरे ने अपने आखिरी दिनों में कहा था कि उनके बाद शिवसेना की जिम्मेदारी उद्धव ठाकरे को दी जाएगी।

### पवार का चुनाव आयोग पर निशाना

चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए शरद पवार ने कहा कि पिछले दिनों किसी ने चुनाव आयोग से शिवसेना के




नाम और चिह्न को लेकर शिकायत की थी। जिसपर चुनाव आयोग ने फैसला सुनाया और इसे पार्टी को बनाने वालों में से किसी और को शिवसेना और उसका चिह्न आवंटित कर दिया। यह राजनीतिक दलों पर बड़ा हमला है।

### केंद्र सरकार पर भी साधा निशाना

इस दौरान शरद पवार ने देश की केंद्र सरकार पर भी जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि आज चुनाव आयोग और अन्य संस्थाएं वही फैसले दे रही हैं जो सत्ताधारी सरकार चाहती है। आज देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो संस्था काम कर रही है, वह सोचती है कि सत्ता उनके हाथ में रहेगी

### विवाद से पवार ने बनाई थी दूरी

आपको बता दें, शरद पवार ने पिछले दिनों उद्धव ठाकरे को आगे बढ़ने और पार्टी के लिए नए चुनाव चिह्न पर सहमती जाहिर करने की सलाह दी थी।

उन्होंने कहा था, एक बार फैसला (चुनाव आयोग द्वारा) दिए जाने के बाद कोई चर्चा नहीं हो सकती है। पुराने चुनाव चिह्न को खोने का कोई खास असर नहीं होने वाला है, क्योंकि लोग नए चुनाव चिन्ह को स्वीकार कर लेंगे। बाद में उन्होंने मीडिया से कहा था कि वह इस विवाद में और नहीं फंसना चाहते हैं। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले से दूरी बना ली थी।

### 15 दिनों बाद फिर होगी सुनवाई

बुधवार को मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक बार फिर शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराई है।सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे गुट को राहत देते हुए कहा है कि हुए शिवसेना का नाम और उसका चुनाव चिह्न एकनाथ शिंदे के खेमे के पास रहेगा और उद्धव ठाकरे के पास मशाल का प्रतीक रहेगा। पूरे मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दो हफ्ते के बाद सुनवाई होगी।

## शिंदे गुट को शीर्ष अदालत से राहत, चुनाव आयोग के फैसले पर स्टे लगाने से इनकार, जारी किया नोटिस

सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि %चुनाव आयोग का आदेश चुनाव चिन्ह तक ही सीमित है। एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। शीर्ष अदालत ने आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे खेमे की याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लेते हुए एकनाथ खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ठाकरे गुट को चिंचवाड़ और कस्बा पेठ उपचुनाव के लिए %शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)% नाम और %जलता मशाल% चुनाव चिन्ह का उपयोग करने की स्वतंत्रता दी। सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि %चुनाव आयोग का आदेश चुनाव चिन्ह तक ही सीमित है। हम चुनाव आयोग के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश पारित नहीं कर सकते। हम उद्धव खेमे द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर विचार कर रहे हैं। हमें दोनों पक्षों की दलीलों को सुनना होगा। बिना दलील सुने रोक नहीं लगाई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे गुट कानून के अन्य उपायों का पालन कर सकता है यदि कोई कार्रवाई की जाती है जो चुनाव आयोग के आदेश पर आधारित नहीं है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी पर एकनाथ शिंदे खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर कर एक हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। साथ ही उसके एक हफ्ते के भीतर उद्धव खेमे को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। अब दो सप्ताह के बाद इस मामले में सूचीबद्ध किया है। पीठ ने शिदे गुट की ओर से पेश वकीलों द्वारा दिए गए बयान को रिकॉर्ड पर लिया कि विधानसभा स्पीकर द्वारा फिलहाल अयोग्यता याचिका पर करवाई नहीं की जाएगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के लिए आग्रह किया और यथास्थिति आदेश पारित करने का आग्रह किया। वहीं, मंगलवार को सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष उद्धव गुट की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने याचिका पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट हमारी आखिरी उम्मीद

इससे पहले इस विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग ने उनके साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा था कि उनसे उनका सबकुछ चुरा लिया गया। पार्टी का नाम, पार्टी का चुनाव चिन्ह सब चुरा लिया गया। ठाकरे ने कहा था कि वह लोग ठाकरे नाम नहीं चुरा सकते। हम चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और मामले की सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ही हमारी आखिरी उम्मीद है।

### शिंदे गुट पहले ही पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे के हाथ से शिवसेना की कमान, उसका नाम और चुनाव चिह्न छीनने के बाद एकनाथ शिंदे भी शांत नहीं बैठे हैं। शिवसेना को लेकर चुनाव आयोग के फैसले को कायम रखने के लिए वह हर एक चाल चल रहे हैं, जो उनके लिए जरूरी है। एक दिन पहले ही शिंदे गुट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने के लिए उद्धव गुट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गुहार लगा सकता है। ऐसे में इस मामले में कोई भी फैसला सुनाने से पहले शीर्ष अदालत महाराष्ट्र सरकार की दलील को भी सुने।


## संपादकीय Editorial

### Nomadic University Campus

Once again the Dharamshala campus of the Central University remained imprisoned in the cage of wretched politics. The politics which earlier divided it into two parts, is again hurting its existence in the mill of the Forest Conservation Act. The Union Ministry of Environment and Forests while again lashing out at the stones laid for the foundation stone laying ceremony of the Dharamshala campus of the Central University, pronounced this decree that this land is ineligible. There is a need to understand why even after fourteen years, the proposal of campus in Dharamshala and the calculation of lands are losing in this game of politics. It is surprising that in the city where Himachal's biggest cricket stadium is set up, the availability of all kinds of land around it is repeatedly being defeated by such powers, who have decided that all the central laws will not reach them. The university campus of Dharamshala should be made Halal. A terrible scene of decoration of objections was created even when the land was selected for the first time and now again the trust of the university is being looted. If the reason is understood from the perspective of Himachal, then there should be a complete curb on development in the entire Himachal. For example, the proposed place of Jadrangal cannot be a temple of education due to seismic zone, geologically unstable area, highly wet area due to rain and unsafe forest area. If these objections are understood in the construction of the Medical College of Hamirpur, then the difference will become clear that how the handcuffs of the Forest Conservation Act come to the fore politically to tarnish the land. If many chapters of Himachali development are being drawn on the ground, then why only the usefulness of the Jadrangal plot is being highlighted. To the extent that the university added the most remarkable page in its fourteen-year history that the favorite campus of Union Minister Anurag Thakur is taking shape in Dehra, but many leaders have failed in the proposed campus of Dharamshala. Five-time MLA and current MP Kishan Kapoor is the hero of every failure of this complex, while the then MP Shanta Kumar also lost his commitment. The desire to see the Central University as an asset of the Hamirpur parliamentary constituency in Dehra dominated politics to such an extent that the Dhumal government looked at this project too with a one-sided eye. The then state government, the BJP high command, the involvement of the ministry from Himachal at the Center and the previous Jairam government also cannot be free from this fault for spoiling the map of the Central University in Dharamshala, while the credit for laying the foundation stone was taken by the BJP governments only. If Dharamshala stadium can seat 25,000 spectators safely, then why are the people of this area being blamed for cursing the land of Jadrangal? Is only Dharamshala in the Himachal region full of geological insensitivity or the whole of India? It's raining here. Wearing the face of all these ironies, the Central University has lost what it had to lose. Now only buildings are fighting. In such a situation, for the Sukhu government, which came on the slogan of system change, it is now a time of examination as to how to save the campus of the university which is becoming nomadic. One easy way is to provide justice to the Jadrangal issue from a non-political point of view. Secondly, with immediate effect, a new alternative should be prepared in place of the battalion at Sakoh. ithout due scrutiny during the BJP government. If Mandi Shivdham, buildings of all medical and engineering colleges and cricket stadiums are getting ready without such painstaking investigation of the land, then why all the blame is being given to the construction of Dharamshala campus of the university.


# The audience's anger erupted on the judges of MasterChef, alleging favoritism

In the latest episode of MasterChef India 7, contestant Aruna was allowed by the three judges to make a paneer dish for protein instead of fish. Since then, the judges and the show are being trolled fiercely. Viewers like Master Chef India 7 a lot. Here home cooks from every corner of the country get a chance to become chefs by showing their amazing hands. In this season of the show, the best chefs like Ranveer Brar, Vikas Khanna and Garima Arora are seen judging the contestants. All three are liked as judges, but these days they are getting trolled badly on social media. People are not only criticizing the judges but also the makers of the show. In fact, in the latest episode of the show, the three judges allowed contestant Aruna to make a dish from paneer for protein instead of fish. But all the other contestants had to make a dish from the same protein that was given to them. In such a situation, the viewers of the show have taken a dig at not only Vikas, Garima and Ranveer, but also the makers of the show. Everyone is being criticized fiercely on social media and before this, objections are also being raised on the sentence made with a contestant. Social media users were unhappy with this decision of the show and judges. In such a situation, someone accused of favoritism, while someone said that the show is already fixed. One user wrote, 'The favoriteism being done by Sony TV is the height. Aruna chose the protein of her choice because she is a vegetarian. Such favoritism never happened in the first season of MasterChef. If she can't cook non-veg food or come out of her comfort zone, then she should leave the show.' On the other hand, another pointed out how an Indian-origin contestant had to cook beef in Australia's MasterChef, while she Was a vegetarian. People say that a chef should know how to cook everything, it should not depend on his food routine. One user wrote, 'Does anyone think that this season of Master Chef is fixed? It seems that Aruna and Gurkeerat are being favored a lot. At the same time, another said, 'Arun being a vegetarian may be allowed to make paneer, but vegan contestant Priya was not given the liberty.' By making many similar comments, people are expressing their anger about the show.




# Opening ceremony of Junior NTR's film postponed

The opening ceremony of Jr NTR's upcoming film 'NTR 30' has been postponed. The opening ceremony of his film was to be held on 24 February i.e. Friday. But now information has surfaced on social media that the makers have postponed the event. South Superstar Junior NTR's film 'RRR' has made records of success at the box office. As of now, he is celebrating the success as the film has created waves not only in the country but also overseas. Jr NTR has created a special place in the hearts of fans by playing the role of Komaram Bheem in the film 'RRR'. However, a mountain of sorrows fell on Jr NTR on Sunday. Actually, Junior NTR's cousin and famous actor of South Cinema Nandamuri Tarak Ratna passed away. The opening ceremony of this film of Superstar Junior NTR was to be held on 24 February. But in view of the demise of Jr NTR's cousin Tarak Ratna on February 19, the opening ceremony of Jr NTR's upcoming film 'NTR 30' has been postponed. This information was tweeted by Telugu publicist Vasmi Kaka on his official Twitter handle. Kaka told that the new date of the film's opening ceremony will be announced soon by the makers. It is known that Nandamuri Taraka Ratna had participated in a padyatra in Chittoor district of Andhra Pradesh last month. The padyatra was organized by Nara Lokesh, TDP general secretary and son of former chief minister Chandrababu Naidu. During that time Tarak fainted and fell on the ground. He was immediately admitted to the local hospital, where he was informed of a heart attack.



# King Khan encouraged the students appearing for board exams, said this

Shah Rukh Khan has given a lot of useful tips to the students giving board papers. Along with this, he also remembered his school days. Actor Shahrukh Khan is in media headlines these days because of the film 'Pathan'. King Khan rules the hearts of the fans because of his acting and looks, but apart from this there is another reason which makes him special. That reason is Shahrukh Khan's style. Shah Rukh Khan lives life with gusto. He is seen telling the same thing to his fans from time to time. Recently once again a similar style of King Khan was seen. The actor was seen giving motivational tips to the students appearing for the board exams. Significantly, the board examinations for class 10th and 12th have started. Shahrukh Khan has said many important things to the children in this crucial time of examination. Actually, recently Shahrukh Khan started 'Ask SRK session'. During this, users asked very interesting questions to the actor. At the same time, a user said to Shahrukh, 'Sir please say some motivational things for those children, who are going to give 10th and 12th board exams.' Shahrukh Khan gave a very good response to this. Shahrukh Khan wrote, 'Study hard, work hard. But don't worry at all. I used to carry a placard in the school march past.... Give your best and leave the rest' just don't stress. All the best. This tweet of Shahrukh Khan is becoming very viral. Users are commenting very interestingly on this answer of Shahrukh. Talking about the work front, Shahrukh Khan is enjoying the success of 'Pathan' these days. Apart from this, these days he is also preparing for his two upcoming films 'Jawan' and 'Danki'. Apart from this film, Shah Rukh Khan will also be seen in a special appearance in Salman Khan's 'Tiger 3'. According to media reports, Salman-Shahrukh will start shooting for it in April.



# शासकीय योजनाओं की उच्च स्तर पर हो रही है मानीटरिंग

## बैंकर्स अपने स्तर पर प्रकरण लम्बित न रखें-एलडीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में डीएलआरसी की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बैंकर्स द्वारा शासकीय योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नही दे पाने पर सभी बैंकर्स को निर्देश दिया कि शासन की विकासपरख योजनाओं में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर विकास योजनाओं को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स पाजिटिव सोच के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग हेतु चलायी गयी शासकीय योजनाओ पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले अधिकांश लाभार्थी गरीब लोग होते हैं, अतः उनके प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ठीक प्रकार से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स शासकीय योजनाओं की प्रगति में विशेष ध्यान प्रदान कर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने केसीसी मे सभी बैंकर्स को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने तथा किसान सम्मान निधि के खातों में आधार पर सीड भी अपने स्तर से करने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग हेतु चलाई गयी शासकीय योजनाओ पर बैंकर्स को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इण्डियन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि की बजह से जनपद का सीडीरेसियों कम होने पर जिलाधिकारी ने उक्त बैंकों के साथ ही अन्य बैंकर्स को भी सीडीरेसियों में वृद्धि करने के निर्देश दिये। सी0सी0एल0 एवं समूहों का खाता खोलने में बैंकों द्वारा लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों को तत्काल खाता खोलने के निर्देश दिये। डीसी एनआरएलएम ने बताया कि प्रथमा ग्रामीण बैंक ढकिया नरु, इस्लामनगर, केनरा बैंक सिकन्दरपुर, पीएनबी बैंक डिडौरा, प्रथमा बैंक लालाटीकर, केनरा बैंक कांठ, पीएनबी बैंक कांठ द्वारा खाता खोलने में सहयोग नही किया जा रहा है। अवश्य रिव्यु कर लें। घटनाओ को रोकने एवं सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी केमरे बहुत उपयोगी है। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 1387 प्रकरण पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने बैंकर्स को पेंडेन्सी को तत्काल समाप्त कर आवेदन स्वीकृत कर ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। पी0ओ0 डूडा ने बताया कि स्टेट बैंक में 356, पीएनबी में 174,प्रथमा बैंक में 217, बैंक ऑफ बडौदा में 189 आवेदन लम्बित हैं। मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं में बैंकर्स द्वारा 513 आवेदनों में से 143 स्वीकृत तथा 311 पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने प्रथमा बैंक ग्रामीण , एसबीआई एवं केनरा बैंक को समय से प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। एलडीएम श्री विशाल दीक्षित ने बैंकर्स को बताया कि सभी शासकीय योजनाओं की उच्च स्तर पर मानीटरिंग हो रही हैं अतः बैंकर्स अपने स्तर पर आवेदन लम्बित न रखें तथा लापरवाही न बरते, सभी बैंकर्स समय से आवेदन स्वीकृत कर शासकीय योजनाओं को गति प्रदान करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, आरबीआई एलडीओ के0के0 कौशिक,डीडीएम नावार्ड श्री रजत सहगल, डीसीएनआरएलएम, एलडीएम विशाल दीक्षित,उप निदेशक कृषि अधिकारी, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहें।

# अगवाकर कराया धर्म परिवर्तन, फिर किया निकाह, सलाखों के पीछे पहुंचा आसिफ

मुरादाबाद के मझोला थानाक्षेत्र से 17 वर्षीय एक किशोरी अगवा कर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। इसके बाद आरोपी ने उससे निकाह कर लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित किशोरी अमरोहा रेलवे स्टेशन से बरामद कर ली है। मझोला के गांव निवासी ग्रामीण ने 19 फरवरी को केस दर्ज कराया था। जिसमें बताया था कि मनोहपुर गांव निवासी आसिफ और उसका पिता बदलू उसकी 17 वर्षीय बेटी को बाइक से अगवा कर ले गए हैं। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने किशोरी को अमरोहा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। इसके बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और पीड़िता के बयान दर्ज किए। जिसमें किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अगवा कर बरेली ले गया था। वहां आरोपी ने उसका धर्म परिवर्तन कराया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ निकाह किया। पीड़िता ने आरोपी पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसे बरेली से अमरोहा लेकर जा रहा था। रेलवे स्टेशन के पास ही पुलिस पहुंच गई और आरोपी को वहीं पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह रेलवे में निजी तौर पर काम करता है। सीओ सिविल लाइंस अनूप सिंह ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर केस में अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और धर्म परिवर्तन अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है। बुधवार दोपहर पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# अल्पसंख्यक विभाग व कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी महोदय एटा को एक ज्ञापन सौंपकर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- अल्पसंख्यक कांग्रेस शहर कमेटी एटा के अध्यक्ष मोहम्मद रियाज अब्बास के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग व कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी महोदय एटा को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की बांदा में निर्माणाधीन मस्जिद में हिंदूवादी संगठन ने जो तोड़फोड़ की उसमें हम निंदा का विरोध करते हैं इनको इस तरह से समाज में अराजकता फैलाने का कोई हक नहीं इन संगठनों की कोई शिकायत थी तो वह जिला प्रशासन से शिकायत करते और कार्यवाही की मांग करते लेकिन खुद मस्जिद में तोड़फोड़ कर गुंडागर्दी करना समाज के हित में नहीं है कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी महोदय अंकित अग्रवाल एटा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजा इस मौके पर, पीसीसी सदस्य मोहम्मद इरफान एडवोकेट जी ने कहा कि हम मांग करते हैं घटना में शामिल सभी गुंडों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, मस्जिद को हुए नुकसान की भरपाई भी स्थानीय थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के वेतन से की जाए ,शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास ने कहा बांदा के पुलिस अधीक्षक वा जिला अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाए ,महामहिम राष्ट्रपति जी से अनुरोध है कि प्रदेश सरकार को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश कराने का कष्ट करें , और हिंदूवादी संगठन बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद आर एस एस संगठन को बैन किया जाए । इस मौके पर तमाम अल्पसंख्यक कांग्रेसजन के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष चोब सिंह धनगर ,विनीत पाराशर ,पीसीसी नैना शर्मा एडवोकेट, डेनियल राज भूषण, पीसीसी ठाकुर अनिल सोलंकी, कांग्रेस अल्पसंख्यक शहर महासचिव सुल्तान अली अब्बास, अमित कुमार गुप्ता, सुभाष सागर एडवोकेट ,नाजिम हसन, रिजवान , कांग्रेस अल्पसंख्यक के शहर महासचिव लल्ला बाबू, शहर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस मुकीम अब्बास, राहुल जैन आदि लोग उपस्थित थे

# एनएचएआई एवं ट्रेफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे -डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे कैम्प कार्यालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान मे सडक दुर्घटनाओ तथा ब्लैक स्पॉटो के सम्बन्ध मे जानकारी दी तथा बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ- साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें। पाकबडा में होलीडे रीजेन्सी के पास डिवाइडर की ऊंचाई कम होने के कारण वाहनों को दूसरी ओर उतारने पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई को निर्देशित किया कि डिवाइडर को ऊंचा किया जाये तथा वहां रेलिंग लगाये ताकि दुघर्टनाएं न हो सके। रोडवेज चालको द्वारा बस को सडक पर ही रोकने के कारण दुर्घटना होने की सम्भावना के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने ए0आर0एम0 रोडवेज को निर्देशित किया कि इस संबंध में वाहन चालको को जागरूक किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एनएचएआई एवं ट्रेफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित नेक आदमी के विषय में समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों पर गाइडलाइन को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए तथा जारी दिशानिर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

ऐसे नेक आदमियों की सूची परिवहन विभाग को सौंपा जाए, जो गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करते हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाए जाने हेतु रोड इंजीनियरिंग, प्रवर्तन कार्यवाही, शिक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन की जागरूकता अभियान तथा त्वरित एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने आज पर बल दिया। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक सेवा यान से हुई दुर्घटनाओं एवं हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया कि वे समस्त न्यायिक अधिकारियों से जांच रिपोर्ट तत्काल प्राप्त कर लें ताकि उन्हें ताकि उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त प्रतिभूति दिया जा सके। यातायात पुलिस को हिट एंड रन के दुर्घटनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं इंश्योरेंस कंपनी से समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटना में मृतकों को शासन द्वारा अनुमन्य रु0 2,00,000 एवं दुघर्टना में घायल व्यक्ति को रु0 25 हजार की क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय के अनुसार किया जाता है इसका व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाये। बैठक में समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित समस्त स्टेकहोल्डर्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों से आगामी बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक ो राकेश कुमार सिंह टैअफिक ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन श्री कपिल रस्तौगी पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, एमडीए, एनएचएआई, मद्य निषेद्य, ट्रेफिक पुलिस, परिवहन निगम नगर निगम व विद्युत विभाग व अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम के छापामार अभियान में दो सील व तीन को थमाऐ गऐ नोटिस




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा शहर के वनगांव में संचालित एक गैरपंजीकृत डेन्टल क्लीनिक सहित अवागढ में मारूति मेडीकल हैल्थ केयर क्लीनिक व वसुंधरा में मुनेश यादव के ऊषा होम्यो क्लीनिक को नोटिस थमाया तो वहीं वसुधंरा पर शौर्य यदुवंश पैथलॉजी व अवागढ किले के पीछे सर्वेश कुमार के क्लीनिक को सील किया है !

आज अवागढ क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गयी छापामारी अभियान की गूंज ब्लॉक जलेसर तक सुनायी दी ! जलेसर क्षेत्र के अधिकांश झौलाछाप अपने अपने क्लीनिकों के शटर गिराकर रफूचक्कर हो लिऐ ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छापामार अभियान लगातार जारी रहेगा !

# अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 28 फरवरी तक मिलेगा निशुल्क राशन




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी 2023 से एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01.01.2023 से आगामी एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। अतः राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी 2023 हेतु आवंटित नियमित योजना के खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह फरवरी 2023 में 28.02.2023 तक प्रातः 06:00 बजे से सायं 09:00 बजे तक किया जाएगा। अन्त्योदय योजना के कार्डधारकों को निःशुल्क 35 किग्रा0 खाद्यान्न ( 14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल ) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क 05 किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट ( 02 किग्रा गेहूं व 03 किग्रा चावल ) उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी के आदेश पर उचित दर दुकानवार नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी है, जिनके द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण अपनी उपस्थिति में कराया जाएगा। उक्त वितरण चक के दौरान जिन कार्डधारकों के किसी कारणवश अंगूठा, अंगुली ई0पॉस मशीन में मैच नहीं हो पाती है, तो उन्हें ई0पॉस मशीन के माध्यम से प्रॉक्सी, मोबाइल ओ0टी0पी0 सत्यापन द्वारा वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् दिनांक 28.02.2023 को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। वन नेशन वन राशनकार्ड योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत माह जनवरी 2023 से एक वर्ष दिसम्बर 2023 तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। उपरोक्त योजना के अन्तर्गत राशन वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए तहसील अलीगंज हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मो0 नम्बर 9412313301. तहसील सदर एटा हेतु पूर्ति निरीक्षक मो0 नम्बर 8218454903 एवं तहसील जलेसर हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मो0 नम्बर 7251910000 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## घरौनी योजना ग्राम वासियों के लिए है वरदान-अध्यक्ष, राजस्व परिषद

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती-अध्यक्ष, राजस्व परिषद संजीव मित्तल ने कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के उपरान्त राजस्व अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस दौरान कलेक्ट्रेट श्रावस्ती को सभी मानकों को पूरा करने पर क्यू0एफ0एस0 मैनेजमेंट सिस्टम नामक संस्था द्वारा प्रमाण पत्र अध्यक्ष एवं आयुक्त देवीपाटन मण्डल एम0पी0 अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र संस्था द्वारा तय मानकों को पूरा करने पर 03 वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है।

बैठक के दौरान अध्यक्ष ने राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की तथा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने राजस्व परिषद के निर्धारित एजेंडे पर विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राजस्व विभाग प्रशासन की रीढ़ है, इसलिए राजस्व कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं। उन्होंने तहसीलवार वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि दायरे के अनुरूप वादों का निस्तारण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें। अपने-अपने न्यायालय में प्राप्त होने वाले वादों का निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर अधिकाधिक वादों को मेरिट के अनुसार निस्तारित करें इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने चकबंदी कार्य, स्टाम्प वादों का निस्तारण, शत्रु सम्पत्ति, विभागीय कार्यवाई, भू-माफिया, बाढ़ राहत कार्य सहित अन्य राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं पटल सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- ब्लाइंड मर्डर व चोरी की घटनप्राची सिंह द्वारा थानों में बीट प्रणाली की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के लिए पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के थानों में नियुक्त बीट पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन/ गोष्ठी के दौरान विभिन्न थानों एवं प्रकोष्ठों से आए हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। सम्मेलन/ गोष्ठी का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव द्वारा किया गया।

आपको बता दें कि जनपद में बीट प्रणाली लागू की गई है जनपद समस्त थानों को मिलाकर कुल 144 पुरुष बीट व महिला संबंधी अपराध को रोकने व महिलाओं/बच्चियों को जागरूक करने के लिए 48 महिला बीट बनाई गई हैं, जो थाना कोतवाली भिनगा में 25 पुरुष बीट, 08 महिला बीट, थाना सिरसिया में 20 पुरुष बीट, 07 महिला बीट, थाना मल्हीपुर में 22 पुरुष बीट, 07 महिला बीट, थाना हरदत्त नगर गिरंट में 15 पुरुष बीट, 05 महिला बीट, थाना सोनवा में 19 पुरुष बीट, 06 महिला बीट, थाना गिलौला में17 पुरुष बीट, 06 महिला बीट, थाना इकौना में 16 पुरुष बीट, 06 महिला बीट, नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में 10 पुरुष बीट, 03 महिला बीट बनाई गई है इन सभी बीटो में पुरुष/ महिला बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त की गई हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन के दौरान थाना सिरसिया क्षेत्र में हुई ब्लाइंड मर्डर व चोरी की घटना का 48 घंटे में खुलासा करने वाली क्राइम ब्रांच व थाना सिरसिया पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

ग्यासुदीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही - नवगठित गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। जीपीएम जिले को पर्यटन के क्षेत्र में विशेष पहचान दिलाने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा तथा उनकी घोषणा के अनुरूप राजमेरगढ़ सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। जिले के पर्यटन स्थलों का पर्यावरणीय विकास और पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जिला स्तरीय पर्यटन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में आयोजित पर्यटन समिति की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती महोबिया ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर पर्यटन स्थल राजमेरगढ़ के विकास के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते राजमेरगढ़ में पर्यटन विकास कार्यों के लिए ड्राइंग, डिजाइन, लेआउट तैयार कर व्यवस्थित विकास पर जोर दिया। इसके लिए अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग निर्माण एजेंसी तय करके वहां बैगा कुटीर, पगोड़ा, रेलिंग, बोर, पाइपलाइन, सीसी रोड, शौचालय, फेंसिंग, गार्डनिंग, हाई मास्ट सोलर लाइट आदि के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन स्थल माई का मडवा, धरमपानी, लक्ष्मणधारा, झोझा जलप्रपात, दुर्गा धारा, बेनी बाई, ठाढ़पथरा आदि पर्यटन स्थलों का विकास और पर्यटकों की जानकारी के लिए रोडमैप बनाने, सुविधा जनक पहुंच के लिए दिशा सूचक साइन बोर्ड एवं दूरी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गगनई नेचर कैंप, मलिनीया डैम एवं स्मृति वाटिका जलाशय में बोटिंग की सुविधा प्रारंभ करने पर चर्चा की गई। इसके लिए स्थानीय स्तर पर इच्छुक गोताखोर युवकों को प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह विलेजवेज पर्यटन विकास के तहत पर्यटकों को आकर्षित करने चिन्हित पर्यटन स्थलों पर मिट्टी, खपरैल, बांस, बल्ली, घास, फूस आदि का उपयोग कर मड हाउस का निर्माण किया जाना है। इसके लिए जिले में पर्यटन विकास के लिए नियुक्त कंसलटेंट को नजरी नक्शा तैयार करने, स्थानीय पर्यटन समितियों एवं वन समितियों को प्रशिक्षण दिलाने, नेट कनेक्टिविटी आदि के निर्देश दिए गए। बैठक में वन मंडल अधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, कार्यपालन अभियंता आरइएस शरद श्रीवास्तव, सभी जनपद सीईओ एवं गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 412 लोगों ने कराया अपनी आंखों की जांच

ग्यासुदीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही - जिला प्रशासन के सहयोग से आईसीआईसीआईसीआई फाउंडेशन और विजन स्प्रिंग मुंबई द्वारा मरवाही ब्लॉक के चार ग्राम पंचायतों में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 412 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराया और आवश्यकतानुसार कम दाम में चश्मा प्राप्त किया। जनपद सीईओ मरवाही डॉ राहुल गौतम के मार्गदर्शन में फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धोबहर में 17 फरवरी को आयोजित शिविर में 104 लोगों ने, सिलपहरी में 18 फरवरी को आयोजित शिविर में 92 लोगों ने, रूमगा में 20 फरवरी को आयोजित शिविर में 108 लोगों ने और मगुरदा में 21 फरवरी को आयोजित शिविर में 108 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराया। इन शिविरो में संबंधित ग्राम पंचायतो के सरपंच और आईसीआईसीआईसीआई फाउंडेशन के फील्ड रिसोर्स पर्सन मौजुद रहकर लोगो को जानकारी देने और शिविर को सफल बनाने में पूरा सहयोग किया।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

## नए प्रेमी के साथ मिलकर प्रेमिका ने बेरहमी से की पुराने प्रेमी की चाकू से गला रेतकर हत्या

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़-प्रेमी के सहयोग से एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी की गला रेत कर हत्या कर दी। मामले में मृतक के भाई ने युवती व उसके प्रेमी एवं पिता के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीगढ़ निवासी गली नंबर छह, मोहम्मद नगर मल्लाह का नगला थाना क्वारसी निवासी गालिब की शाम को स्कूटी से कहीं गया था। शाम तीन बजे उसने अपने भाई तालिब खान को फोन किया कि वह जवां के एस डंपयार्ड में है। रियाज कालोनी थाना क्वारसी निवासी जरीन पुत्री नदीम ने उसे फोन कर यहां बुलाया है वह व उसका साथी अयाज पुत्र आबाद निवासी पत्थर वाली गली, केला नगर,थाना क्वारसी उसकी हत्या करना चाहते हैं। इतना कहने के बाद फोन कट गया उसके बाद फिर गालिब से फोन पर संपर्क नहीं हो सका। परिजन उसे तलाश करते हुए एस डंप यार्ड पहुंचे। जहां रात करीब 10 बजे उन्होंने गालिब के रक्त रंजित शव को बरामद कर लिया जहां चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रात में ही मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं रात भर भागदौड़ कर आरोपित दोनों प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। जहां उन्होंने स्वीकार किया कि गालिब को मारने से पहले रबड़ी खिलाई थी। जिस में विषाक्त पदार्थ डाला था। मृतक गालिब के परिजनों ने बताया कि आरोपित जरीन दो-तीन वर्ष पूर्व गालिब से मोहब्बत करती थी। इस दौरान वह उसकी रिश्तेदारी में भी आने जाने लगी। लेकिन बाद में करीब तीन माह पूर्व गालिब की शादी हो गई। शायद इससे कुपित होकर जरीन ने अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर गालिब की हत्या कर दी।

## रोहिनासिंहपुर के निकट ट्रक ने युवक को रौंदा मौत ,युवक अपने भांजे की शादी में लेकर आया था भात

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़- अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित गांव रोहिनासिंहपुर ओवरब्रिज पर बीतीरात एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जनपद हाथरस के गांव भ्याऊ मानिकपुर निवासी सोमवीर पुत्र थिरनशाह अपने दो भाईयों में छोटा था। वह फरीदाबाद की किसी निजी कंपनी में काम करता था। बीते रविवार को वह अपनी बहन के गांव रोहिनासिंहपुर में भात लेकर आया था। जहां 20 फरवरी को उसके भांजे की शादी थी। मंगलवार की देरशाम वह शादी में शामिल होने के बाद गांव बोनेर में अपनी दूसरी बहन के यहां जाने के लिए घर से निकला था। अभी वह रोड पर वाहन का इंतजार कर ही रहा था। कि इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में सोमवीर ( 30 ) की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सोमवीर ने अपने पीछे पत्नी चांदनी व बेटियां लवी व ममता को रोते विलखते छोड़ा है। सोमवीर की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा है।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्यसमिति संपन्न

ग्यासुदीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक पेंड्रा ग्रामीण मंडल के कोटमी कला ग्राम में संपन्न हुई ।सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,दीनदयाल उपाध्यक्ष ,अटल बिहारी वाजपेई जी के तेलचित्र पर तिलक, माल्यार्पण के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल के द्वारा किया गया। मोर्चा के द्वारा सभी जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों का माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया गया ।जिला अध्यक्ष संदीप जयसवाल ने अभी तकपिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया ।राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन उपाध्यक्ष लिमेसवर कुशवाहा के द्वारा एवं समर्थन मिथलेश साहू के द्वारा किया गया। प्रदेश पिछड़ा वर्ग के द्वारा 16 बिंदु की कार्य योजना दी गई थी,उसका वाचन जिला महामंत्री शिव गुप्ता के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुश्री सुनीता मानिकपुरी ने अपने उद्बोधन में आगामी चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग को जीत की कुंजी बताया ,सभी कार्यकर्ता कमर कस कर प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिए गए 16 बिंदु पर अमल करें तो जीत सुनिश्चित होगी। जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया राठौर ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं भूपेश सरकार की वादाखिलाफी को प्रत्येक जनता तक पहुंचाने की बात कही। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लव-कुश कश्यप ने अपने उद्बोधन में पिछड़ा वर्ग की भूमिका सर्वोत्तम बताया तथा कार्यकर्ताओं को एक सूत्र के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रबंध समिति सदस्य राकेश चंद्राकर जी के द्वारा कार्य योजना में सोशल मीडिया की प्रभावी भूमिका को प्रतिपादित। किया उक्त बैठक को किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर, जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादव, जिला उपाध्यक्ष कुबेर सर्राटी,महिला मोर्चा अध्यक्ष समीरा पैकरा ,जिला कोषाध्यक्ष मुकेश दुबे पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्य सदस्य आशीष गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष राकेश श्रीवास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री दुर्गेश यादव एवं आभार सीताराम जी ने किया ।आज ही वीर मराठा शिवाजी महाराज की जयंती भी मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाई गई ।उक्त कार्यक्रम में दिलीप यादव जी, संदीप सिघाई जी, सुनील शुक्ला जी, मनीष श्रीवास जी, पवन पैकरा जी, प्रणव मरपची जी ,योगेंद्र सिंह नहरेल , विभा नहरेल जी, अनिल अहिरवार जी,मंडल अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, लूसन राठौर जी, पिछड़ा वर्ग से वीरू विश्वकर्मा ,श्री राधेश्याम जयसवाल, कैलाश वर्मा,शरद ताम्रकार ,प्रमोद राय जी पूरन रजक ,जगदीश प्रसाद रजक ,लोकनाथ जी,अमोल नायक ,मुरारी लाल यादव ,शंकर सोनी ,जिला मीडिया प्रभारी नीलेश नामदेव, अशोक साहू,मनोज जयसवाल ,डॉ दिलीप राय ,रोहिणी राठौर ,शिवदयाल सेन ,राठौर तथा भाजपा से क्रांति कुमार दुबे, राजकुमार पूरी,अभय वर्मा ,नवल सिंह राठौर, महेश जयसवाल, दुर्गेश मिश्रा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी ,प्रदीप जयसवाल ,राम गुर्जर ,दीपक ताम्रकार, हफीज खान ,यशवंत सिंह आर्मो, आकाश कुमार ,विद्या चरण सिंह सलाम, सूरज बर्मन ,अभिषेक जैसवाल ,नारायण रजक उपस्थित रहे।

## फर्रुखाबाद में नशेड़ी अधेड़ की बेरहमी से हत्या.शव दूसरे गांव में मिलने से सनसनी फैली

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



फर्रुखाबाद- ड़ी अधेड़ सौदान सिंह यादव की बेरहमी से हत्या की गई। उसका शव पड़ोसी गांव में मिलने से सनसनी फैल गई। 40 वर्षीय सौदान थाना मऊदरवाजा के ग्राम डाल का नगला ग्राम पंचायत भिडौर निवासी था। सौदान का शव आज सुबह पड़ोसी गांव लोहापानी की सड़क के किनारे खंती में पड़ा देखा गया। चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था चेहरे पर लाल रंग के निशान से अनुमान लगाया गया कि ईटों से चेहरे पर प्रहार किए गए। सूचना मिलने पर सौदान की पत्नी आदि परिजन मौके पर पहुंचे। थाना मऊदरवाजा पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची। तलाशी लिए जाने पर सौदान के पास आधार कार्ड एवं डायरी मिली। बताया गया कि सौदान शराब पीने का आदी था शराब की लत के कारण वह कोई काम नहीं करता था। खेती बेचकर ऐश करता था पत्नी को भी खरीद कर लाया था। बताया गया कि संतोष सौदान एक सप्ताह पूर्व घर से 30 हजार रुपए लेकर बाइक से थाना मेरापुर के ग्राम बीरबल नगला में भतीजी गुंजन के घर जाने की बात कह कर गया था। सौदान को परसो शाम ग्राम संतोषापुर देसी शराब ठेके पर देखा गया। उसी दौरान सौदान ने मां रामबेटी को फोन किया था कि मैं आ गया हूं रोटी बना लेना 20 मिनट में घर आ जाऊंगा तभी से सौदान गायब था। पुलिस ने सौदान की हत्या में प्रयोग की गई ईंट को तलाशने का काफी प्रयास किया। शव को देखने के लिए काफी भीड़ लगी रही। सौदान के शव का डॉक्टर आमिर खान ने पोस्टमार्टम किया। सौदान की देढ़ दिन पूर्व सिर में लगी चोटो से मौत होने की पुष्टि हुई है।